# नेहरा स्कूल बना सफेद हाथी

**खास बातें**

- 5 शिक्षकों के बावजूद स्कूल से गायब मिले छात्र
- निरीक्षण में खुली पोल, किताबें कबाड़ में फेंकी मिलीं
- लापरवाह स्टाफ पर कार्रवाई की तैयारी

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई 16 अप्रैल, शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला नेहरा में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है. बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षक एवं निरीक्षण दल की जांच में स्कूल केवल कागजों पर संचालित होता पाया गया, जबकि वास्तविकता में न तो पढ़ाई मिली और न ही छात्र उपस्थित मिले.**

निरीक्षण के दौरान शाला प्रभारी भगवान सिंह अहिरवार शाला समय में अनुपस्थित पाए गए. हैरानी की बात यह रही कि 2 नियमित और 3 अतिथि शिक्षकों की तैनाती के बावजूद 80 विद्यार्थियों के नामांकन वाले इस विद्यालय में एक भी छात्र मौजूद नहीं था. स्कूल परिसर में सन्नाटा पसरा मिला, जिससे शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह ठप होने के संकेत मिले.जांच के दौरान यह भी सामने आया कि शासन द्वारा भेजी गई पाठ्यपुस्तकें और अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित करने के बजाय अव्यवस्थित तरीके से कबाड़ की तरह पड़ी मिलीं. परिसर में गंदगी का आलम था और मध्याह्न भोजन योजना भी बंद पाई गई, जिससे बच्चों के पोषण पर भी असर पड़ रहा है.निरीक्षण रिपोर्ट में शिक्षकों की लापरवाही और शाला समय में इधर-उधर रहने की शिकायतों का भी उल्लेख किया गया है. साथ ही शासकीय बजट के दुरुपयोग की आशंका भी जताई गई है.मामले की गंभीरता को देखते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमल सिंह बागड़ी ने संबंधित शाला प्रभारी और समस्त स्टाफ को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए हैं. उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासकीय कार्य में लापरवाही और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. जवाब प्राप्त होने के बाद दोषियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.यह मामला शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर करता है और जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है.

## ड्यूटी से लौटते समय हुआ हादसा, मौके पर ही तोड़ा दम

**नवभारत न्यूज**

**लटेरी.** आनंदपुर रोड पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान बिजय शर्मा पिता पुरुषोत्तम शर्मा, निवासी ग्राम दोलरा के रूप में हुई है.प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजय शर्मा ग्राम मुरवास में बिजली कंपनी में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत था. वह ड्यूटी समाप्त कर अपने गांव दोलरा लौट रहा था, तभी आनंदपुर रोड स्थित मुर्गी पालन के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी.हादसा इतना भीषण था कि युवक के चेहरे पर गंभीर चोट आई और अत्यधिक रक्तस्राव होने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई.घटना की सूचना मिलते ही लटेरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है.

# एफएक्यू के नाम पर फसल रिजेक्ट

**समर्थन मूल्य खरीदी में किसानों का फूटा गुस्सा**

**त्योंदा में किसानों ने सौंपा ज्ञापन, खरीदी में अनियमितताओं और सख्त मापदंडों से आर्थिक संकट गहराया**

**नवभारत न्यूज**

**त्योंदा 16 अप्रैल, समर्थन मूल्य पर मसूर और चना खरीदी में अनियमितताओं को लेकर क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है. किसानों का आरोप है कि एफएक्यू (फेयर एवरेज क्वालिटी) के नाम पर उनकी फसलों को लगातार रिजेक्ट किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है.इसी समस्या को लेकर किसानों ने त्योंदा तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन में किसानों ने खरीदी प्रक्रिया में सुधार और फसल खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की है.किसान धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि नए-नए मापदंड लागू होने से किसानों की व्यवस्थाएं पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं. कई किसान कई दिनों से अपनी उपज बेचने के लिए केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन खरीदी नहीं हो रही है. ऐसे में जिनके घर शादी या अन्य आवश्यक कार्य हैं, वे भी प्रभावित हो रहे हैं. वहीं बैंक की किश्त जमा नहीं कर पाने के कारण कई किसान डिफॉल्टर होने की स्थिति में पहुंच रहे हैं.किसानों का कहना है कि खरीदी केंद्रों पर मामूली अशुद्धियों को आधार बनाकर फसलें रिजेक्ट की जा रही हैं. इससे मजबूर होकर किसानों को अपनी उपज कम दाम पर व्यापारियों को बेचनी पड़ रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है और कई जगह अव्यवस्थाएं बनी हुई हैं.किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी में हो रही अनियमितताओं को तत्काल दूर किया जाए, एफएक्यू के मापदंडों को व्यवहारिक बनाया जाए और सभी किसानों की फसल उचित मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित की जाए.किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे.

**एक नजर में**

## किसानों के समर्थन में सड़कों पर उतरी कांग्रेस

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा.** किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतर आई है. गंजबासौदा में कांग्रेस, किसान कांग्रेस और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किसानों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन किया और सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया.प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने किसानों के हित में ज्ञापन सौंपते हुए समर्थन मूल्य पर खरीदी, फसलों के उचित दाम और अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की. इस दौरान सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी की गई.धरना-प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व विधायक निशंक जैन सहित अन्य सहयोगी संगठनों के नेता भी मौजूद रहे. नेताओं ने कहा कि जिले भर में कांग्रेस कार्यकर्ता किसानों की आवाज उठाने के लिए सक्रिय हैं और उनकी समस्याओं के समाधान तक आंदोलन जारी रहेगा.कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा.

## भगवान सेन महाराज की मनाई जयंती

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा.** सेन समाज द्वारा भगवान सेन महाराज की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई. इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हुए.कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा भजन-कीर्तन के साथ आरती संपन्न हुई. श्रद्धालुओं ने भगवान सेन महाराज का स्मरण करते हुए सुख-समृद्धि की कामना की.जयंती के अवसर पर प्रसाद का वितरण किया गया और समाज के बुजुर्गों का सम्मान भी किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग उपस्थित रहे.



## कुर्मी क्षत्रिय समाज ने विधायक हरि सिंह रघुवंशी का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा.** कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. समाजजनों ने बताया कि विधायक द्वारा कुर्मी समाज के लिए धर्मशाला निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराई गई, साथ ही निर्माण कार्य के लिए विधायक निधि से लाखों रुपए की राशि प्रदान की गई.समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि विधायक रघुवंशी प्रतिवर्ष विभिन्न समाजों के मंगल भवन एवं धर्मशालाओं के निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करते रहे हैं. इसी क्रम में कुर्मी समाज को मिली इस सहायता के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए सम्मान किया गया.कार्यक्रम में विधायक का पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया. विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के सभी समाजों के विकास और सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत हैं.

## निर्मला कॉन्वेंट के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**नगर में प्रथम रहीं जेनी तलरेजा, सीबीएसई हाईस्कूल ने नगर के टॉप पाँच स्थानों पर कब्जा जमाया**

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में निर्मला कॉवेंट स्कूल की छात्रा जेनी तलरेजा ने 97.4 प्रतिशत अंकित अर्जित कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं छात्र हर्ष माथुर ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान, छात्र प्रयाग साहू 95 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान, छात्रा परी गोयल 94.6 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ तथा छात्र अमरदीप तिग्गा ने 93.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर में पंचम स्थान पर रहे.**

विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुये नगर के पहले पाँच स्थानों पर अपना कब्जा जमाया. शैक्षणिक सत्र 2025-26 हाई स्कूल परीक्षा अंतर्गत विद्यालय के कुल 150 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये. जिनमें से 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 29 ने 80 प्रतिशत से अधिक, 43 ने 70 प्रतिशत से अधिक तथा 36 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक तथा 23 विद्यार्थियों ने 50 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये. विद्यार्थियो के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी एवं प्राचार्य सिस्टर टेंसी द्वारा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

## शराब दुकान हटाने को लेकर धरना जारी, लोगों में बढ़ा आक्रोश

- मंदिर के सामने स्थित दुकान हटाने की मांग, साधु-संतों के भी शामिल होने के संकेत

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. स्टेशन क्षेत्र स्थित भगवान श्री राम जानकी मंदिर के सामने संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर सर्वदलीय मंच का धरना-प्रदर्शन लगातार जारी है. बावजूद इसके प्रशासन द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है.**

धरना दे रहे लोगों का कहना है कि मंदिर के सामने शराब दुकान होने से श्रद्धालुओं को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. खासकर महिलाओं को शराबियों की अभद्रता और गाली-गलौज का सामना करना पड़ता है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है.प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दुकान को नहीं हटाया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. साथ ही जानकारी मिली है कि इस आंदोलन में साधु-संतों को भी शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं.स्थिति को देखते हुए धार्मिक संगठन भी इस मुद्दे पर सक्रिय हो रहे हैं और विरोध दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शराब दुकान को जल्द से जल्द अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए.

## पं . दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, भाजपा नगर मंडल द्वारा आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान बुधवार को जन-गण-मन के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम में वक्ताओं ने आठ विभिन्न विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, इतिहास एवं भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया. प्रशिक्षण के दूसरे दिन की शुरुआत शाखा के माध्यम से हुई.**

जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया. इसके पश्चात सत्र में बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर रमेश यादव ने कार्यकर्ताओं को मेरा बूथ सबसे मजबूत के भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी तथा मासिक मन की बात कार्यक्रम के महत्व को बताया. इसके बाद सोशल मीडिया, एआई एवं नमो संगठन ऐप विषय पर डॉ. एम.के. सोनी ने कहा कि सोशल मीडिया ने जनसंपर्क को सरल बनाया है, लेकिन फेक न्यूज से सावधान रहना आवश्यक है. उन्होंने नमो ऐप, संगठन ऐप एवं सरल ऐप के उपयोग पर भी जोर दिया, भाजपा के इतिहास एवं विकास पर बलवीर रघुवंशी ने राष्ट्र सर्वप्रथम की विचारधारा को प्रमुख बताते हुए पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा का वर्णन किया. वहीं कार्य विस्तार एवं संगठन की दृष्टि विषय पर श्रवण व्यास ने कार्यकर्ताओं को जानकारी दी. अंतिम सत्र में लक्ष्मण सिंह बघेल ने केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी.



### क्विज प्रतियोगिता व डिजिटल सर्टिफिकेट

समापन अवसर पर पारस तारण द्वारा सभी प्रतिभागियों को संगठन ऐप डाउनलोड कराया गया तथा क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से डिजिटल सर्टिफिकेट डाउनलोड कराये गये. कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व पार्टी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, पार्षद एवं महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही. कार्यक्रम के अंत में विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान रखे गए सभी आठों विषयों का सारगर्भित रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण संगठन को ओर अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.

## सिरोंज में 24 घंटे में अपहृत बालिका सकुशल दस्तयाब

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** जिले में गुमशुदा, अपहृत बालक बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान अभियान संचालित किया जा रहा है. ऑपरेशन मुस्कान के तहत विदिशा पुलिस द्वारा वर्ष 2025-26 में अब तक 400 से अधिक गुमशुदा, अपहृत बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों से मिलवाया जा चुका है. इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डावर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी सिरोंज के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की.जानकारी के अनुसार मंगलवार को फरियादी द्वारा अपनी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने संबंधी रिपोर्ट थाना सिरोंज में दर्ज कराई गई. इस पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. प्रकरण में गठित टीम द्वारा सतत पतारसी, तकनीकी विश्लेषण एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बालिका को मात्र 24 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब किया गया. तत्पश्चात बालिका को विधिवत उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विमलेश राय, उप निरीक्षक स्मिता जैसवार, प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा, आरक्षक विष्णु तोमर एवं आरक्षक अरुण की सराहनीय भूमिका रही.

## गंजबासौदा में जॉन चेयरपर्सन की आधिकारिक यात्रा

**अनामिका पचौरी का स्वागत, सेवा गतिविधियों और एलसीआईएफ फंड पर दिया मार्गदर्शन**



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, लायंस क्लब गंज बासौदा द्वारा जॉन चेयरपर्सन लायन अनामिका पचौरी की आधिकारिक यात्रा का आयोजन उनके निज निवास पर किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत सर जॉन मेलविन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई. इसके बाद लायन विमलेश माथुर द्वारा ध्वज वंदना का वाचन किया गया तथा विश्व शांति के लिए मौन रखा गया और राष्ट्रगान गाया गया.**

वेत्रवती की नगरी विदिशा से पधारी जॉन चेयरपर्सन लायन अनामिका पचौरी का स्वागत लायन आरती गर्ग द्वारा तिलक लगाकर किया गया. क्लब अध्यक्ष लायन विजय अरोड़ा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया, वहीं कोषाध्यक्ष लायन आशा अग्रवाल ने माला पहनाकर एवं चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया. साथ ही लायन ज्योति जैन का स्वागत लायन मधुलता अग्रवाल द्वारा किया गया.कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन विजय अरोड़ा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया. कोषाध्यक्ष लायन आशा अग्रवाल द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जबकि सचिवीय प्रतिवेदन क्लब सचिव लायन मधुलता अग्रवाल ने प्रस्तुत करते हुए क्लब की विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी दी.जॉन चेयरपर्सन लायन अनामिका पचौरी ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए एलसीआईएफ फंड के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह फंड क्यों आवश्यक है, इसे कैसे जमा किया जाता है तथा प्रत्येक सदस्य व्यक्तिगत रूप से इसमें योगदान दे सकता है. साथ ही उन्होंने सेवा गतिविधियों को उच्च गुणवत्ता के साथ संचालित करने के सुझाव भी दिए.सेवा कार्यों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए दो वृक्षों का रोपण किया गया तथा गौशाला में भूसा संग्रह के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया. कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए.अंत में आभार प्रदर्शन क्लब सचिव मधुलता अग्रवाल द्वारा किया गया. क्लब अध्यक्ष लायन विजय अरोड़ा ने सभा समाप्ति की घोषणा की. कार्यक्रम का संचालन लायन विनीता गोयल ने किया. इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सुस्वादु भोजन का आनंद लिया.

## ड्रेस व पाठ्य पुस्तकों में बदलाव पर रोक निजी स्कूल संचालकों में असमंजस

- अधिक कीमत वसूलने पर होगी कार्रवाई, एसडीएम ने पुस्तक विक्रेताओं को दी सख्त हिदायत

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** एसडीएम अनुभा जैन ने क्षेत्र के पाठ्य पुस्तक विक्रेताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि निर्धारित कीमत से अधिक राशि वसूलने पर कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने स्पष्ट किया कि पुस्तकों की कीमत यथावत रखी जाए और किसी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

एसडीएम ने निजी विद्यालयों को भी निर्देशित किया है कि ड्रेस कोड में किसी प्रकार का बदलाव न किया जाए और पूर्व में चल रही ड्रेस ही मान्य रहेगी. इसके साथ ही पाठ्य पुस्तकों में भी कोई बदलाव नहीं किया जाएगा.प्रशासन के इन निर्देशों के बाद निजी विद्यालय संचालकों में असमंजस की स्थिति बन गई है. वहीं अभिभावकों को इससे राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, क्योंकि हर साल ड्रेस और पुस्तकों में बदलाव के कारण उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता था.प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## सराहनीय पहल 100 से अधिक बच्चों को वितरित की ड्रॉइंग सामग्री

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई.** एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला गिरवासा में एक प्रेरणादायक पहल के तहत शिक्षिका शिवांगनी राय द्वारा विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए ड्रॉइंग सामग्री का वितरण किया गया. इस दौरान लगभग 100 बच्चों को ड्रॉइंग बुक, रंग और अन्य आवश्यक स्टेशनरी सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की गई.विशेष बात यह रही कि यह सामग्री केवल गिरवासा ही नहीं, बल्कि छोटी पठारी और दादुदार के बच्चों को भी वितरित की गई. इस पहल का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें अपनी कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित करना है.सामग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी. उन्होंने उत्साहपूर्वक अपनी रुचि व्यक्त की और चित्रकला के प्रति लगाव दिखाया.विद्यालय परिवार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों के मानसिक विकास और सृजनात्मक सोच को मजबूत बनाते हैं. इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास, नवाचार और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ सकें.



## दिवंगत पत्रकार दीपक सोनी के परिजनों को संघमित्रा पत्रकार संघ का संबल

**नवभारत न्यूज**

**सांची. क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार एवं स्वर्ण मंगलम मासिक पत्रिका के प्रधान संपादक दीपक सोनी के असामयिक निधन के बाद पत्रकार जगत में शोक की लहर है. विगत दिनों रायसेन के समीप हुई सड़क दुर्घटना में उनके निधन से पूरा नगर स्तब्ध रह गया था.**

इस दुखद घटना के बाद संघमित्रा पत्रकार संघ ने संवेदनशील पहल करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई. संघ के पदाधिकारियों ने दिवंगत पत्रकार के निवास पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और सहयोग स्वरूप 11 हजार रुपये का चैक भेंट किया.ज्ञात हो कि घटना के पश्चात संघ की एक आपात बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सर्वसम्मति से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग देने का निर्णय लिया गया था. इसी के तहत सहायता राशि प्रदान की गई.बस स्टैंड स्थित संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई. इसके बाद संघ के पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिलने उनके निवास पहुंचे.इस दौरान संघ के संरक्षक पप्पू रेवाराम एवं कमलकिशोर पटेल, अध्यक्ष नसीम खान, सचिव राम शर्मा, संयुक्त सचिव देवेन्द्र तिवारी, रायसेन जिला अध्यक्ष अरुण कुमार शैंडे एवं जिला महासचिव अमित सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

**श्रमदान** | **साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5 .0 का 27वां चरण संपन्न, हर सप्ताह निकल रहा क्विंटलों कचरा**

# नदी सफाई या सोच की सफाई श्रमदान अभियान ने खड़े किए बड़े सवाल

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. नदी जल स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए चलाए जा रहे साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 27वां चरण एक बार फिर समाज के सामने कई गंभीर सवाल खड़े कर गया. श्रमदान दल द्वारा निरंतर चलाया जा रहा यह अभियान समर्पण और जागरूकता का उदाहरण तो है, लेकिन इसके साथ ही यह एक कड़वी सच्चाई भी उजागर कर रहा है कि नदियों की सफाई से ज्यादा जरूरत अब समाज की सोच को बदलने की है.**

हर सप्ताह श्रमदानियों द्वारा नदी से क्विंटलों कचरा निकाला जा रहा है. इस कचरे में प्लास्टिक बैग, पूजा सामग्री, पीओपी की मूर्तियां, कांच की चूड़ियां, धार्मिक पुस्तकें सहित अन्य अपशिष्ट शामिल हैं. यह स्थिति साफ दर्शाती है कि समस्या केवल सफाई की नहीं, बल्कि हमारी आदतों और मानसिकता से जुड़ी हुई है.





श्रमदान दल का कहना है कि नदी को प्रदूषित करने वाला कोई बाहरी तत्व नहीं, बल्कि स्वयं समाज ही इसके लिए जिम्मेदार है. श्रद्धा के नाम पर नदियों में सामग्री विसर्जित कर लोग अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश करते हैं. जिस नदी को हम मां का दर्जा देते हैं, उसी को कचरा डालने का माध्यम बना देना एक बड़ा विरोधाभास है.अभियान के 27वें चरण में राकेश रघुवंशी, रुद्रांश राजपूत, नीरज साहू, योगेंद्र माझी, दिनेश चौरसिया, नितिन अग्रवाल, दीपेश शर्मा, जसवंत सिंह राजपूत, अंशुल शर्मा, कुलदीप दांगी, आकाश जैन सहित बाल श्रमदानी अभिनव शर्मा, ज्ञानव साहू एवं अरनब रघुवंशी ने सक्रिय भागीदारी निभाई. इन सभी की मेहनत यह दर्शाती है कि समाज में बदलाव की उम्मीद अभी भी जीवित है.श्रमदान दल ने कहा कि केवल श्रमदान से इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है. इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आदतों में बदलाव लाना होगा. पूजा सामग्री का उचित निस्तारण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना समय की मांग है.उन्होंने संदेश दिया कि जब तक मैं क्यों बदलूं की सोच समाप्त नहीं होगी, तब तक नदियों की स्वच्छता अधूरी ही रहेगी. नदी को स्वच्छ रखना है तो केवल किनारे नहीं, अपनी सोच भी निर्मल करनी होगी.